Title: Need to develop Acupressure Shodhh Prashikshan Evam Upchar Sansthan in Prayagraj, Uttar Pradesh as a Centre of Excellence

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्थित एक्यूप्रेशर शोध, प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान, मिंटो रोड , की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ । यह संस्थान 28 वर्षों से एक्यूप्रेशर के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर उपचार हेतु कार्य में संलंग्न है I उक्त संस्थान ने एक्यूप्रेशर से सम्बंधित समस्त प्रचलित विधियों को समाहित करते हुए आयुर्वेद के जीवन दर्शन को आधार बना कर अत्यंत प्राचीन भारतीय मर्मदाब चिकित्सा को रूप देते हुए उपचार की एक सरल एवं अत्यंत प्रभावशाली चिकित्सा विकसित की है I तथा इसके साथ ही एक्यूप्रेशर चिकित्सा के माध्यम से अब तक संस्थान द्वारा लगभग एक करोड़ रोगियों का सफल एवं निशुल्क उपचार किया जा चुका है I यह भी उल्लेखनीय है कि इस संस्थान में एक्यूप्रेशर के माध्यम से साधारण से लेकर अत्यंत जटिल बीमारियों का भी सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है

उक्त एक्यूप्रेशर शोध, प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान द्वारा समय समय पर संसद के विशेष सत्र के दौरान प्रतिवर्ष होने वाले हेल्थ कैंप में भी भाग लिया जा चुका है जिससे बहुत से माननीय सांसदों को भी इसका लाभ प्राप्त हुआ है I

मेरा यह आग्रह है कि उक्त संस्थान की उपर्युक्त विशिष्टताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार इस संस्थान को एक उत्कृष्ट संस्थान (Centre of Excellence) और इसको उपचार की एक स्वतंत्र विद्या के रूप में मान्यता देने तथा ?भारतीय एक्यूप्रेशर उपचार परिषद् के गठन पर विचार किया जाए I